
# वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**पाली**, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महाराणा प्रताप चौराहे स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर मंडल कार्यकर्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में पाली के विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व सभापति राकेश भाटी, पूर्व उपसभापति मूल सिंह भाटी, मंडल अध्यक्ष नरपत दवे, भाजपा जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी, पूर्व पार्षद मुकेश गोस्वामी, विठ्ठल बागडी, सवाई सिंह जैतावत, पार्षद अशोक शर्मा अशोक बाफना, बहादुर सिंह राठौड़, गोपाल बंजारा, महामंत्री गुमान सिंह रावत, मानवेंद्र सिंह भाटी, सुरेश पुरी गोस्वामी, महिपाल सिंह चारण, डॉ दिलीप सिंह, भगवानाराम बंजारा, सुरेश मेघवाल, भंवर लाल, यशवंत सिंह चुंडावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक पारख ने कहा कि महाराणा प्रताप ने वीरता से अपने राज्य को मुगलो के अत्याचार से मुख्त कराया एवम अंतिम सांस तक मात्र भूमि की रक्षा के लिए लड़ते रहे। इसी प्रकार पुरानी कचहरी स्थित प्रताप स्मारक पर महाराणा प्रताप कमांडो फोर्स के लक्ष्मण सिंह कुंपावत, महेंद्र सिंह के साथ स्थानीय पार्षद विकास बुबकिया, राधेश्याम चौहान, मुकेश भंसाली आदि ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



पोकरण क्षेत्र के बोडाना गांव में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में महंत प्रतापपुरी महाराज सहित कई लोगों ने शिरकत की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पोकरण संवाददाता के अनुसार :** पोकरण क्षेत्र के बोडाना गांव में बुधवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि सादगी पूर्व मनाई गई।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता महंत प्रतापपुरी महाराज ने कहा की इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर अपनी शौर्य गाथाओं की छाप छोडने वाली इस भारत भूमि ने कई योद्धाओं को जन्मा जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। महाराणा प्रताप भी उन्हीं वीर सपूतों में से हैं। जिनके शौर्य की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। उनके पराक्रम का लोहा खुद अकबर ने भी माना था। उन्होंने कहा की महाराणा प्रताप के शौर्य की गाथाएं आज भी अजर अमर बनी हुई है। जिला मंत्री मदनसिंह राजमथाई ने भी प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डाला।

जिला परिषद सदस्य उत्तमसिंह बोडाना, जिला उपाध्यक्ष नारायणसिंह, उप प्रधान महिपालसिंह, सरपंच बोडाना नरेंद्रसिंह, पदमसिंह, कालिदास, पदमसिंह, दानसिंह, खेतसिंह, मंडल अध्यक्ष अतुलसिंह देवडा, नरेंद्रसिंह फौजी, भीखसिंह, आनद बागथल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्वरूपगंज संवाददाता के अनुसार :** वाटेरा में शिवसेना के पदाधिकारियों ने बुधवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

शिवसेना जिला प्रवक्ता संदीप अग्रवाल ने बताया कि शौर्य पराक्रम तथा स्वाभिमान के सात मातृभूमि की रक्षा के दिए गए बलिदान को सदैव याद रखेगी। पिंडवाडा तहसील प्रमुख भूराराम राठौर, स्वरूपगंज खंड प्रमुख नरेंद्र सिंह भाटी, आबूरोड़ शहर प्रमुख लालाराम खारवाल ने भी विचार व्यक्त किए। 23 जनवरी को शिवसेना सुप्रीमो बालासाहेब ठाकरे व सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने के साथ प्रत्येक गांव में शिवसेना की शाखा खोलकर भगवा ध्वज लहराने का आव्हान किया।

## बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ

**भीनमाल**, (निसं)। स्थानीय विकास भवन में बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को आयोजित हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर एडवोकेट मदनसिंह राव, सचिव रुस्तम खान को निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह और शिव नारायण विश्नोई ने शपथ ग्रहण करवाई।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी जवाहरराम चौधरी व अध्यक्ष मदनसिंह राव ने न्यायिक कार्यों के दौरान बार एसोसिएशन एवं प्रशासन की ओर से एक दूसरे का व्यवहारिक सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही अपर जिला न्यायाधीश शरद तंवर, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ब्रिजपालदान सारण और न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार ने बार एसोसिएशन की समस्या जैसे अभिभाषक संघ चेंबर, नवीन अदालत व संघ का बैठक हॉल बनाने के संबंध में न्यायिक स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिलाया। वरिष्ठ अधिवक्ता बस्तीमल खत्री ने आभार व्यक्त किया।

## जागरूक किया

**सुमेरपुर**, (निसं)। सुमेरपुर नगरपालिका प्रशासन की ओर से आमजन को जागरूक करने सहित बिना मास्क के लोगों के चालान काट उनको मास्क वितरित किए।

अधिशाषी अधिकारी योगेश आचार्य ने बताया कि पालिका प्रशासन अलर्ट हो गया है। कार्मिकों ने जवाईबांध रोड पर कार्रवाई कर नो लोगो से 1 हजार सात०सौ का जुर्माना वसूला।

# नमित मेहता ने पाली शहर के हालात व कार्य देखे



जिला कलैक्टर नमित मेहता ने अस्पताल सहित पाली शहर का भ्रमण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर नमित मेहता ने बुधवार को पाली शहर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों को देखा।

जिला कलैक्टर ने नगर परिषद द्वारा संचालित जल परिशोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट में आ रहे सीवरेज के पानी एवं उपचारित हो रहे पानी के बारे में नगर परिषद के अधिकारियों एवं प्लांट संचालनकर्ता से विस्तृत जानकारी लेकर ट्रीट पानी के सदूपयोग की बात कहीं।

मेहता ने एसटीपी प्लांट को बारिकी से देखा एवं पानी उपचारित करने की कार्यप्रणाली को देखा। ईश्वरसिंह शेखावत ने उन्हें पीपीटी के माध्यम से प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। जिला कलक्टर मेहता ने बताया कि सम्पूर्ण उपचारित पानी का सद्पयोग होना जरूरी है। उद्योगों को पानी देने के साथ शेष उपचारित पानी कृषि, उद्योग व बागवानी में काम लिया जाए।

उन्होंने नया बस स्टेण्ड से पणिहारी चौराहा, हाउसिंग बोर्ड से जोधपुर बाईपास, नहर चौराहा से ट्रांसपोर्ट नगर बाईपास तक जाने वाली सड़कों को चौड़ा करने एवं मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं नगर परिषद को शीघ्र ही स्वीकृत कार्यो को जल्द पूर्ण करने की बात कहीं। उन्होंने पांच मौखा पुलिया को व्यवस्थित कर चौड़ाई बढ़ाने व अधूरे पुलिया निर्माण को पूरा कर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने कहा कि पांच मौखा पुलिया पर बरसात के दिनों में पानी भराव का भी तकनीकी रूप से निराकरण किया जाए। उन्होंने मण्डिया रोड सड़क की मरम्मत करने को भी कहा। उन्होंने नगर परिषद द्वारा संचालित डपिंग यार्ड के अंदर जाकर कचरे की रिसाईकलिंग प्रणाली को देखा

इस मौके पर यूआईटी सचिव वीरेन्द्रसिंह चौधरी, उपखंड अधिकारी ललित कुमार गोयल, नगर परिषद सचिव विनयपाल, अधिशाषी अभियंता के.पी.व्यास, पीडब्ल्यूडी एक्ईएन दिलीप परिहार, लोकेश जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं नमित मेहता ने कोरोना से बचाव के लिए नो मास्क-नो एंट्री, नो वैक्सीन-नो एंट्री स्टीकर का विमोचन किया। आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ (राष्ट्रीय) द्वारा स्टीकर का वितरण किया जा रहा है जो एक सराहनिय कदम है। इस मौके पर रविन्द्र सोनी, मुकेश सोनी, अमरसिंह, शेखर राठौड, कमलसिंह, हस्तपालसिंह आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमणों व अवैध निर्माण पर कार्रवाई की



जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते की ओर से नियमित रूप से अवैध, अनाधिकृत निर्माणों, अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध, अनाधिकृत निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, पार्किंग के इतर निर्मित बहुमंजिला इमारतों, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों तथा विभिन्न अन्य अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही हैं। प्राधिकरण दस्ते द्वारा बुधवार को ग्राम पाल, ग्राम शिकारगढ तथा ग्राम आगोलाई में अवैध एवं अनाधिकृत निर्माणों एवं अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

उपायुक्त दक्षिण राजेन्द्र सिंह चांदावत के निर्देशानुसार दस्ते द्वारा ग्राम पाल एवं शिकारगढ का मौका निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान ग्राम पाल खसरा संख्या 319 शांति प्रिय नगर में मकान के पश्चिम दिशा व अग्र भाग में चबूतरी एवं लोहे की जाली लगाकर सडक मार्गाधिकार में अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण पाया गया। इसी प्रकार ग्राम शिकारगढ खसरा संख्या 632/16 भूखण्ड संख्या 266 में अप्रार्थी द्वारा पूर्ण सैट बैक कवर्ड करते हुए प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति तथा पश्चिम दिशा में अवैध रूप से 8 खिडकियां व वेंटीलेशन खोलकर अनाधिकृत रूप से निर्माण किया पाया गया। प्राधिकरण दस्ते द्वारा अप्रार्थियों को सख्त हिदायत दी गई कि सडक मार्गाधिकार में किए गए अतिक्रमण को हटाने एवं अवैध खिडकियों व वेंटीलेशन को तुरन्त प्रभाव से बंद करवा दें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। प्राधिकरण दस्ते द्वारा उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र के निर्देशानुसार राजस्व ग्राम आगोलाई के खसरा संख्या 445 का मौका निरीक्षण करते हुए प्राधिकरण की भूमि पर किए गए अनाधिकृत निर्माणों एवं अतिक्रमणों को चिन्हित किया गया।

प्राधिकरण द्वारा उक्त चिन्हित अनाधिकृत निर्माणों एवं अतिक्रमणों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। कार्यवाहियों के दौरान प्रवर्तन अधिकारी दक्षिण अमरसिंह रतनू, प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा, पटवारी पश्चिम नरेन्द्र राजपुरोहित मय अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।

## रेलवे अस्पताल में खुला नया फ्लू क्लिनिक

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में रेलवे अस्पताल में नया फ्लू क्लीनिक खोला गया है। अस्पताल के मैन गेट के पास बनाए गए इस क्लीनिक पर जांच करवाने के बाद ही अंदर आने की हिदायत दी जा रही है। जिससे संदिग्ध मरीजों को अलग किया जा सके। इस क्लीनिक में दवाई के साथ ही यहां से कोविड टेस्ट के लिए रोगियों का पंजीकरण भी अलग हो सकेगा।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वासुदेवन ने बताया कि अस्पताल में रेल कर्मचारी रोगियों व उनके परिजनों की काफी भीड़ रहती है। ऐसे में कोरोना वायरस संक्रमितों का पता ही नहीं लगता और वे अन्य रोगियों के संपर्क में आ जाते हैं। मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल में अलग से फ्लू क्लीनिक खोलने के निर्देश दिए।

क्लीनिक में मुख्यत: खांसी, जुखाम, बुखार के रोगियों की जांच की जा रही है तथा कोरोना संबंधी लक्षण पाए जाने पर रोगी को अस्पताल के कोविड विंग में कोरोना जांच के लिए भेजा जा रहा है। क्लीनिक में इस तरह के रोगियों को दवाई भी उपलब्ध करवाई जा रही है। क्लीनिक में 35 फ्लू रोगियों की जांच की गई।

## टाउन वेडिंग कमेटी की बैठक

**सुमेरपुर**, (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के तखतगढ़ नगरपालिका सभा भवन में टाउन वेडिंग कमेटी की बैठक बुधवार को अधिशाषी अधिकारी मदनलाल तेजी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में डे-एनयूएलएम जिला प्रबंधक देवेन्द्रसिंह राणावत, कार्यालय सहायक रतनलाल सांखला, सामुदायिक सगंठक पुजा रावल सहित कार्मिकों ने बैठक में भाग लिया।

बैठक में 10 दिन के भीतर-भीतर टीवीसी के सदस्यो द्वारा वेण्डिंग नॉन वेडिंग जोन निर्धारित करने, पुराने बस स्टैण्ड पर लाईन बनाकर स्ट्रीट वेण्डर को व्यवस्थित करने, स्ट्रीट वेण्डर का पुन: सर्वे करने,पालिका क्षेत्र में वेण्डर द्वारा टेण्ट लगाए गए है। उनको मौका से हटाने सहित अन्य प्रस्तावों पर सहमति बनी।

इस दौरान ईओ तेजी ने कहा कि तखतगढ शहर आप लोगो को शहर है इसको साफ रखना हम सब का दायित्त्व है। पालिका क्षेत्र को सुन्दर व स्वच्छ बनाए रखने के लिए आमजन से अतिक्रमण नहीं करने, शहर को साफ-सुथरा रखने सहित कचरा पात्र का उपयोग करने की अपील की।

## मानशाह बाबा का 147 वां उर्स संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। हजरत सैयद अली मानशाह बाबा का 147वां उर्स मुबारक कुल रस्म के साथ सम्पन्न हुआ।

दरगाह के सज्जादानशीन व मुत्तवल्ली पीर मोहम्मद अब्दुल वाहिद मीनाई चिश्ती सुलेमानी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी कोरोना गाइड की पालना करते हुए उर्स मुबारक बड़ी शानों शौकत के मनाया गया। उर्स के साथ दौरान औलेमाओ की तकारीर पेश की। रात्रि 11 बजे से महफिले कव्वाली में कव्वाल पार्टी इरफान तुफैल, शौकत अंदाज, तौफिक रोशन, जफर आमीन साबरी कव्वाल पार्टी ने शानदार कव्वाली पेशकर समा बांधा।

उर्स के दौरान कमेटी द्वारा विशिष्ठ सेवाओं के लिए समाजसेवी व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान पीर अब्दुल वाहिद मिनाई सुलेमान, पीर अबूल हसन मिनाई चिश्ती सुलेमानी, पीर नजमूल हसन नजमी सुलेमानी, पीर अब्दुल रजाक मिनाई, पीर कार्री जावेद मिनाई चिश्ती सहित कई नागरिक मौजूद थे। सुबह 4 बजे कुल शरीफ की फातिहा एवं दुआ के बाद उर्स का समापन हुआ।

## जालोर में 17 संक्रमित

**जालोर**, (कासं)। चिकित्सा विभाग जालोर की ओर से बुधवार को प्राप्त 533 जनों की रिपोर्ट में जालोर जिले में 17 पॉजिटिव आए।

जालोर में लगातर तीसरे दिन भी कोरोना संक्रमित आने से लोगो में खौफ देखा जा रहा हैं। प्रदेशभर में कोरोना संक्रमितो का आंकडा दिन ब दिन बढ़ता नजर आ रहा है। वही जालोर में भी तीसरे दिन कोरोना संक्रमित पाये गये। प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नो जालोर शहर में, एक गोदन, एक जोगनी, एक मादड़ी, चार आहोर एवं एक माधोपुरा निवासी व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। तीसरी लहर में जिले में अब तक कुल 68 व्यक्ति कोरोना से संक्रमित हो चुके है, इन में से एक व्यक्ति स्वस्थ हो चुका है। जिले में अब तक कुल कोरोना पॉजिटिव की संख्या 10330 हो गई है। इनमें से 10187 स्वस्थ हो चुके है। विभाग की ओर से अब तक 3 लाख 65 हजार 742 सैम्पलों की जांच की गई है, जिनमें से 3 लाख 54 हजार 469 की रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुई है। वर्तमान जिले में 67 कोरोना एक्टिव केस है।

# आश्रय स्थलों में टीकाकरण

**सुमेरपुर**, (निसं)। संक्रमण को रोकने के लिए सुमेरपुर नगर पालिका प्रशासन की ओर से दीनदयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के अन्तर्गत पालिका क्षेत्र में स्थित तीनों आश्रय स्थलों में बेसहारा, निराश्रित, गरीब मजदूरों के लिए मंगलवार शाम 8 बजे से विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया।

टीकाकरण अभियान में नगरपालिका अध्यक्ष उषा कंवर राठौड के सानिध्य में आश्रय स्थलों में वेक्सीनेशन के दौरान बेसहारा, निराश्रित, गरीब मजदूरो को एनर्जी के लिए प्रत्येक व्यक्ति को गर्म दूध पिलाया गया। अधिशाषी अधिकारी योगेश आचार्य ने बताया कि वेक्सीनेशन के दौरान कुल 141 व्यक्तियो को वेक्सिन लगाई गई साथ ही गर्म दूध के गिलास भी वितरित किए गए। ईओ आचार्य ने बताया कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए पालिका प्रशासन की ओर से गतिविधियां चलाकर आमजन को जागरूक करने तथा आश्रय स्थलों में सभी व्यक्तियो को मास्क पहनकर ही प्रवेश करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान चिकित्सा विभाग से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद गिरी, कम्पाउण्डर कुयाराम मीणा, पालिका पार्षद नरेन्द्र कुमावत, समाजसेवी अनोपसिंह राठौड तथा पालिका सामुदायिक संगठक भरत कुमार सहित पालिका के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज.)

क्रमांक :-नपजा/भूमि नियमन/2021-22/9134 दिनांक : 19.01.2022

## ।। आपत्ति आमंत्रण सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद क्षैत्र जालोर के 69 ए के तहत पट्टे पुराना पट्टा सरेंडर कर नवीन पट्टे के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद कार्यालय को प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी एवं आवेदको के नाम 69 ए के तहत पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र.स. | प्रकरण संख्या | आवेदक का नाम/पता | आडौस-पडौस चतुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षै. (वर्गगज) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 232/2021-22 | भवानीदानराव/राणी दान राव राजेन्द्र नगर जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- नाथुदान राव का मकान पूर्व-चन्द्रादेवी राव का मकान, पश्चिम-अम्बादान राव का मकान | 295.12 | आवासीय |
| 2. | 233/2021-22 | चन्द्रा देवी राव/राणी दान राव राजेन्द्र नगर जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- नाथुदान राव का मकान पूर्व- रास्ता, पश्चिम- भवानीदान राव का मकान | 239.47 | आवासीय |
| 3. | 234/2021-22 | भावाराम/ओखाराम बापू नगर लाल पोल के बाहर जालोर | उत्तर- , दक्षिण- गली पूर्व- भावाराम का मकान, पश्चिम- लक्ष्मी देवी का मकान | 197.77 | आवासीय |
| 4. | 235/2021-22 | हीराराम/भैराजी एफ सी आई गोदाम के पास जालोर | उत्तर- वगताराम/हरजी देवासी, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- कानाराम/वीराजी रेबारी, पश्चिम- लालाराम व मदनलाल | 333.22 | आवासीय |
| 5. | 236/2021-22 | हीराराम भैराजी एफ सी आई गोदाम के पास जालोर | उत्तर- मोडाराम/लुबाजी घांची, दक्षिण- मोहनलाल/देवाराम माली, पूर्व- मोहनलाल का मकान, पश्चिम- आम रास्ता | 150 | आवासीय |
| 6. | 237/2021-22 | बगदाराम/गलाजी पुराना गैस गोदाम के पास जालोर | उत्तर- पुखराजजी घांची, दक्षिण- बगदाराम/नेकाजी माली पूर्व- राजाराम/लुणाजी माली, पश्चिम- आम रास्ता | 152.77 | आवासीय |
| 7. | 238/2021-22 | सायराबानू/गनी खां होदडी पाल के पास जालोर | उत्तर- मोहम्मद रमीद का मकान, दक्षिण- प्रहलादजी का मकान, पूर्व- धनजी लोहार का मकान, पश्चिम- आम रास्ता | 111.66 | आवासीय |
| 8. | 239/2021-22 | जमका सोलंकी/हरचन्द जीनगर गौडिजी जैन मन्दिर के पास जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- प्लोट संख्या 33 पूर्व- गौचर, पश्चिम- प्लोट संख्या 42 | 150 | आवासीय |
| 9. | 240/2021-22 | जुजाराम/नवाराम सुरज पोल मेणो का वास जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- नगर परिषद भूमि पूर्व- हिम्मताजी खटीक का मकान, पश्चिम- नाथूराम का मकान | 256.66 | आवासीय |
| 10. | 241/2021-22 | इन्दा देवी/भुराराम रामपुरा कॉलोनी जालोर | उत्तर- तेजपालजी का मकान, दक्षिण- महेन्द्रजी का मकान पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- आम रास्ता | 75 | आवासीय |
| 11. | 242/2021-22 | वेलाराम/देवाजी गौडीजी जैन मन्दिर के पास जालोर | उत्तर- दक्षिण- पूर्व- पश्चिम- | | आवासीय |
| 12. | 243/2021-22 | डूंगरमल/केसरीमल रामपुरा कॉलोनी गोडीजी जालोर | उत्तर- प्लोट संख्या 07, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- प्लोट संख्या 03, पश्चिम- प्लोट संख्या 01 | 150 | आवासीय |
| 13. | 244/2021-22 | जाईदाबानू/ईकबाल अहमद बडी पोल जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- शेर खान का मकान पूर्व- गुलाब धोबी का मकान, पश्चिम- गुलाब धोबी का मकान | 44 | आवासीय |
| 14. | 245/2021-22 | जशोदा/ रमेश कुमार होदडी पाल जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- सलीम खान का मकान पूर्व- भरतसिंह रावणा राजपूत, पश्चिम- सुरेश घांची | 198.44 | आवासीय |
| 15 | 246/2021-22 | ओमप्रकाश/हंसाराम एफ सी आई गोदाम जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- गजाराम का मकान पूर्व- सुरेश कुमार का मकान, पश्चिम- पकाराम का मकान | 175.38 | आवासीय |
| 16. | 247/2021-22 | सुरेश कुमार/हंसाराम एफ सी आई गोदाम जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- मदन/कालूजी माली पूर्व- मांगूदेवी का मकान, पश्चिम- ओमप्रकाश का मकान | 164.56 | आवासीय |
| 17 | 248/2021-22 | बबलीदेवी/चम्पालाल एफ सी आई गोदाम के पीछे जालोर | उत्तर- महादेवजी मन्दिर, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- वालाराम का मकान | 150 | आवासीय |
| 18. | 249/2021-22 | हीरालाल/पुरखाराम तासखाना बावडी जालोर | उत्तर- किशनलाल का प्लोट, दक्षिण- रेवादेवी का प्लोट पूर्व- गणेशाराम मेघवाल, पश्चिम- आम रास्ता | 213.36 | आवासीय |
| 19. | 250/2021-22 | चम्पालाल/राजाराम राजेन्द्र नगर जालोर | उत्तर- शंकरलाल का मकान, दक्षिण- बंशीलाल का प्लोट पूर्व- पुखराजजी का मकान, पश्चिम- आम रास्ता | 206.20 | आवासीय |
| 20. | 251/2021-22 | भंवरसिंह/खीमसिंह एफ सी आई गोदाम जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- मदनपुरी का मकान पूर्व- विरमाराम का मकान, पश्चिम- मोहर कंवर का मकान | 150 | आवासीय |
| 21. | 252/2021-22 | अणसीदेवी/दुर्गाराम गोडीजी बस्ती जालोर | उत्तर- उदाराम का मकान, दक्षिण- केवलजी का मकान पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- भंवरलालजी का मकान | 173.19 | आवासीय |
| 22. | 253/2021-22 | सुन्दरदेवी/किशनाराम गोडीजी मंदिर जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- प्लोट संख्या 24 पूर्व- प्लोट संख्या 35, पश्चिम- प्लोट संख्या 14 | 150 | आवासीय |
| 23. | 254/2021-22 | मोहरकंवर/खीमसिंह एफ सी आई गोदाम जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- नरपतसिंह का मकान पूर्व- भंवरसिंह का मकान, पश्चिम- दशरथसिंह का मकान | 150 | आवासीय |
| 24. | 255/2021-22 | अशोक कुमार/राजाराम राजेन्द्र नगर जालोर | उत्तर- बंशीलाल का प्लोट, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- शंकरलाल का मकान, पश्चिम- आम रास्ता | 206.20 | आवासीय |
| 25 | 256/2021-22 | बाबूलाल/भगाजी गोडीजी जैन मन्दिर जालोर | उत्तर- प्लोट संख्या 19, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- पडत भूमि, पश्चिम- प्लोट संख्या 16 | 150 | आवासीय |
| 26. | 257/2021-22 | जीवाराम/हकमाजी गोडीजी जैन मन्दिर जालोर | उत्तर- आम रास्ता, दक्षिण- मसराजी घांची पूर्व- सोमाजी सामी, पश्चिम- अमराजी का मकान | 297.94 | आवासीय |
| 27. | 258/2021-22 | गणगौर/केवलराम गोडीजी मन्दिर के पास जालोर | उत्तर- अणसीदेवी का मकान, दक्षिण- शंकरलाल का मकान पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- प्रतापजी का मकान | 92.88 | आवासीय |
| 28. | 259/2021-22 | जोगाराम/फुसाराम एफ सी आई गोदाम के पीछे जालोर | उत्तर- नरेश/पुराराम सरगरा, दक्षिण- आम रास्ता पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- हरजी सरगरा | 150 | आवासीय |
| 29. | 260/2021-22 | रणजीतसिंह, रणछोड सिंह/ जवाहरसिंह गणेश चौक जालोर | उत्तर- भंवरसिंह का मकान, दक्षिण- सिकन्दरजी का मकान पूर्व- पवनजी का मकान , पश्चिम- आम रास्ता | 372.72 | आवासीय |
| 30. | 261/2021-22 | भंवरलाल/भबुताजी रामपुरा कॉलोनी जालोर | उत्तर- जोगाराम/भेराजी जीनगर, दक्षिण- हनुमानचन्द जीनगर पूर्व- आम रास्ता, पश्चिम- हरचन्द चौधरी | 75 | आवासीय |

**आयुक्त**
**नगर परिषद जालोर**